तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 27 अगस्त 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



सड़क निर्माण अधूरा, बारिश में कीचड़
गर्मी में धूल से लोग हो रहे परेशान
4




## खबर संक्षेप

### सायबर अपराध से बचने एसबीआई ने दी जानकारी

**जांजगीर-चांपा।** सायबर अपराध, सायबर धोखाधड़ी से बचने के लिए जांजगीर चांपा पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा जांजगीर की संयुक्त टीम द्वारा सायबर जन जागरूकता कार्यक्रम कर लोगों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान लोगों को सायबर क्राइम एवं ऑनलाईन ठगी से बचाव एवं सोशल मिडिया के सुरक्षित उपयोग के तरीको के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। किसी भी व्यक्ति के साथ अपना पिन अथवा ओटीपी शेयर ना करें। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक ना करे, किसी भी अनजान व्यक्ति का फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट ना करें, पी.एम. किसान योजना एपलीकेशन संबंधी वाट्सएप मैसेज आने पर डाउनलोड ना करें, टेलीग्राम में टास्क के नाम पर एवं अधिक लाभ देने वाले शेयर ट्रेडिंग से सावधन रहे, ऑनलाईन शांपिग हेतु अधिकृत शापिंग साईड का उपयोग करने की सलाह दी गई। इसके साथ ही सायबर अपराधो को संज्ञान में लेते हुए विजय कुमार पाण्डेय पुलिस अधीक्षक एवं श्रीमती ज्योत्सना सिंह प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक शाखा जांजगीर के निर्देशन में सायबर जन जागरूकता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन 26 अगस्त को जांजगीर कचहरी चौक में किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर उमेश कुमार कश्यप एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार एवं एसबीआई प्रबंधक चांपा, नैला शाखा भी उपस्थित रहे।

### रोजगार मेला 9 और 10 अक्टूबर को, पंजीयन प्रारंभ

**जांजगीर-चांपा।** कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार विभाग द्वारा 9 व 10 अक्टूबर को राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस रोजगार मेले में जिले के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। विभाग की वेबसाइट पर राज्य स्तरीय रोजगार मेला में उपलब्ध रिक्तियों की जानकारी प्रदर्शित की गई है। इच्छुक युवा वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त युवा जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर-चांपा में उपस्थित होकर भी पंजीयन कर सकते हैं।

### दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम का प्रसारण 31 को

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन-बिहान के तहत किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के सम्बन्ध में दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम के प्रथम एपिसोड का प्रसारण 31 अगस्त को दोपहर 12.15 बजे से प्रदेश के आकाशवाणी के समस्त केन्द्रों से किया जाएगा। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह की दीदीयों द्वारा अपनी सफलता की प्रेरणादायी कहानियां साझा की जाएगी।

### शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने वाला गिरफ्तार

**नवागढ़।** शराब पीने के लिए रुपए की मांग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम केरा का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दीपक की पोल्ट्री फार्म में काम करने जा रहा था। रामखिलावन बंजारे रास्ते में मिला किसके द्वारा शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। जिस पर उसके द्वारा पैसे नहीं होने की बात कहने लगा, जिस पर उसने मारपीट करत हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। थाना प्रभारी नवागढ़ निरीक्षक अशोक वैष्णव के नेतृत्व तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी रामखेलावन बंजारे उर्फ गुडवा निवासी केरा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई नवागढ़ थाना स्टाफ का योगदान रहा।


## अंग्रेज के जमाने का बना गेमन पुल हुआ जर्जर, हादसे को आमंत्रण

# दो सीएम की घोषणा के बाद भी हसदेव नदी में नए पुल निर्माण का पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर-चांपा के बीच हसदेव नदी पर दशकों पूर्व बना गेमन पुल अत्यंत जर्जर हो चुका है। इसकी स्थिति को देखते हुए एक नहीं प्रदेश के दो दो मुख्यमंत्री ने यहां नए पुल निर्माण की घोषणा की थी, पर अफसोस घोषणा के बाद आगे की कार्रवाई आज तक नहीं हो सकी।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर और चांपा के बीच हसदेव नदी पर आधी सदी पूर्व बना गेमन पुल अत्यंत जर्जर हो चुका है। इसकी जर्जर स्थिति को देखते हुए तीन चार मर्तबा यहां मरम्मत का काम भी कराया गया है, लेकिन दशकों पुराने स्कूल की हालत बद से बदतर हो चली है। इस तरह की स्थिति को देखते हुए जिले के जनप्रतिनिधियों ने शासन प्रशासन के समक्ष यहां नए पुल निर्माण की मांग रखी थी। इस दौरान प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और इसके बाद कांग्रेस शासनकाल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी मंच से हसदेव नदी में नए पुल निर्माण कराए जाने की घोषणा की थी, परंतु अफसोस एक नहीं दो दो मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा करने के बाद भी जांजगीर और चांपा के बीच पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग पर हसदेव नदी में गेमन पुल के समीप नए पुल निर्माण की दिशा में आज पर्यन्त आगे की कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस तरह की स्थिति में यहां वाहनों के बढ़ते दबाव और पुल की जर्जर हालत को देखते हुए हादसे का अंदेशा बना होता है।

जर्जर हालत में चांपा का गेमन पुल

### हर पल बनी रहती है दुर्घटना की आशंका

दशकों पुराने बने गेमन पुल की हालत अत्यंत खराब है। इसकी जर्जर स्थिति को देखते हुए यहां गेमन पुल निर्माण के लिए सेतु निगम द्वारा वर्ष 2015-16 में 40 करोड़ की लागत से नए पुल निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, परंतु मंजूरी नहीं मिली, जबकि तत्कालीन मुख्यमंत्री ने यहां नए पुल निर्माण की घोषणा की थी। इसके बाद वर्ष 2022-23 में पूर्व मंत्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान हसदेव नदी चांपा में नए पुल निर्माण की घोषणा की। इसके बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार सत्ता से बाहर हो गई और वर्तमान में इस पुल निर्माण की दिशा में आज तक समुचित कार्रवाई नहीं हो सकी। इधर जर्जर पुल पर लगातार वाहनों का दबाव बढ़ते जा रहा है। ऐसे में यहां हर पल दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों गुजरात में पुल ढहने की घटना भी हुई थी, इसके बाद से यहां भी इस तरह स्थिति को देखते हुए आवागमन करने वालों में भय व्याप्त होने लगा है।

### लगातार की जा रही मांग

चांपा स्थित गेमन पुल काफी जर्जर हो चुका है। जिसके चलते आवागमन करने वाले लोगों को कई तरह की परेशानी होती है। नया पुल बनाने की मांग लगातार की जा रही है। वहीं विधानसभा में इस पर चर्चा हो चुकी है।

**-ब्यास कश्यप**
विधायक, जांजगीर-चांपा

# फर्जी एकाउंट धारकों पर प्रहार

## 162 लाख का अवैध लेनदेन उजागर

### 3 गिरफ्तार, सौ से अधिक म्यूल खाते की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

सायबर धोखाधड़ी अवैध लेनदेन के लिए फर्जी एकाउंट (संदिग्ध एकाउंट) धारकों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने 1 करोड़ 62 लाख का लेनदेन उजागर किया है। इस दौरान 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 100 से अधिक संदिग्ध खातों की पहचान की गई है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन एवं उमेश कुमार कश्यप अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी यदुमणि सिदार के मार्गदर्शन में म्यूल अकाउंट के विरूद्ध साइबर क्राईम पोर्टल में रिपोर्टेड म्यूल बैंक अकाउंट की जांच करने हेतु योजना तैयार कर साइबर टीम जांजगीर को निर्देशित किया गया था। प्रारम्भिक जांच पर नेशनल साइबर क्राईम पोर्टल में संदिग्ध्य पाये गय बैंक खातो को चिन्हांकित किया गया है म्यूल बैंक अकाउंट की जांच की गई। जांच कार्यवाही में पीड़ितों की पहचान कर उनसे घटना के संबंध में जानकारी एकत्र किया गया। साइबर क्राईम पोर्टल की रिपोर्ट, बैंक खाता में हुए ट्रांजेक्शन, एक ही व्यक्ति के अधिक बैंक अकाउंट एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य के आधार पर बैंक अकाउंट खुलवाने तथा अकाउंट का डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग फर्जी ऐप, क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट, गूगल रिव्यू टास्क, टेलीग्राम टास्क, बैंक केवाईसी अपडेट एवं गूगल सर्च जैसे साइबर अपराध में उपयोग करने वाले लोगों को चिन्हांकित किया गया। इस तरह म्यूल एकाउंट के माध्यम से 3 आरोपियों के द्वारा 1 करोड़ 62 लाख 67 हजार 142 रुपए की धोखाधड़ी की गई है। मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें सक्ती जिले के केनापाली निवासी पंकज कुमार खूंटे उम्र 25 वर्ष, जेजैपुर के बलराम यादव उर्फ बल्लू पिता फिरत राम 29 वर्ष निवासी एवं जैजैपुर के ही हरीश यादव उम्र 31 वर्ष निवासी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 100 से अधिक संदिग्ध खातों की पहचान भी की गई है।



पुलिस अभिरक्षा में आरोपी।

### किसे कहते म्यूल एकाउंट

मनी म्यूल" उस व्यक्ति को कहते है जिसके बैंक अकाउंट, डिजिटल वॉलेट या अन्य वित्तीय माध्यमों का उपयोग साइबर अपराधी ठगी की रकम या अवैध धन को को एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर करने में करते हैं। इसके अलावा साइबर अपराधी गैरकानूनी तरीकों से पैसे प्राप्त करते हैं। ठगी की रकम को ठिकाने लगाने के लिए उनको बैंक खाते या वॉलेट की जरूरत पड़ती है, इसके लिए ठग मनी म्यूल बनाते है, किसी व्यक्ति को पैसा नौकरी, इनाम या निवेश का लालच देकर अपने जाल में फंसाते हैं। मनी म्यूल अवैध धन को अपने खाते से किसी और खाते में भेजता है, जिससे अपराधियों की पहचान छिपी रहे। आसान और जल्दी पैसा कमाने का लालच व साइबर अपराधियो के प्लान को नही समझ पाने के कारण लोग मनी म्यूल बन जाते है। पुलिस ने बताया कि कभी कभी साइबर ठगी के मामले में ठग आपको लाभ पहुंचाने के लिए ठगी की रकम किसी अन्य खाते से छल पूर्वक आपके खाते में ट्रांसफर कर देते है, उन्होंने बताया कयि किसी स्कीम के तहत इनाम या निवेश में मुनाफा या अन्य वजह से आपके खाते में पैसा आया है लेकिन रकम विवादित हो सकता है जिससे आपका खाता फ्रीज भी हो सकता है।

## नौकरी से निकाले गए ठेका कर्मी बैठे धरने पर आश्वासन मिलने पर समाप्त किया आंदोलन



धरना प्रदर्शन करते ठेका कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

(जे एस डब्ल्यू) के एस के महानदी पावर कंपनी लिमिटेड नरियरा के जिओ केम ठेका कंपनी का ठेका 18 जुलाई को समाप्त होने पर कंपनी के द्वारा लगभग 20 मजदूर नौकरी से वंचित हो गए।

नौकरी से वंचित सभी मजदूर 26 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरने पर श्रमिक बैठ गए थे जिसे एचएमएस यूनियन ने समर्थन दिया। एचएमएस यूनियन ने श्रमिकों के नौकरी से वंचित होने से उनके ऊपर आश्रित परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति पड़ने वाले प्रभाव को सहानुभूतिपूर्वक लेकर कारखाना में उनको पुनः जल्द ही नौकरी में रखने की अपील की गई, जिसके बाद प्रबंधन ने जल्द ही रिक्त पदों को देख कर उनको नियोजित कराने का आश्वासन दिया है। एचएमएस यूनियन के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद साहू ने कहा कि श्रमिकों को एकजुट रहना चाहिए। महामंत्री बलराम गोस्वामी ने कहा कि संघ का प्रयास रहेगा कि प्रबंधन और मजदूरों के बीच में विश्वास बना रहे। बैठक में संघ की ओर से संगठन सचिव मूलचंद नोरगे और श्रमिकों की ओर से खिलेश्वर निर्मलकर, चंद्रप्रकाश साहू, जगदीश रात्रे, विजय सांडेय, विनोद यादव, राजकिशोर पाटले, कैलाश राठौर आदि शामिल थे।

### प्रयास विद्यालय में कक्षा 9वीं में प्रवेश, काउसिलिंग 29 व 30 को

**जांजगीर-चांपा।** प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों का वर्गवार प्रतीक्षा सूची विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार काउंसलिंग की 28 एवं 30 अगस्त को निर्धारित किया गया है। जिसमें अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालकों, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका, अनुसूचित जाति बालक और बालिका के लिए काउंसलिंग 29 अगस्त एवं अन्य पिछड़ा वर्ग बालक बालिका काउंसिलिंग के लिए 30 अगस्त को होगा।

## टेंपल सिटी में माफिया सक्रिय, जगह-जगह डंप कर रहे रेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

टेंपल सिटी शिवरीनारायण में रेत माफिया सक्रिय है। यहां रात के अंधेरे में ना केवल रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का काम होता है बल्कि जगह जगह रेत का भंडारण होने लगा है।

गौरतलब है कि शिवरीनारायण में जीवनदायिनी महानदी में रेत उत्खनन का कारोबार एक बार फिर से धडल्ले से होने लगा है। यहां शिवरीनारायण सहित नजदीकी इलाकों में सक्रिय माफिया सारे नियम कायदों को ताक पर रखकर मशीनों से रेत का उत्खनन करते है। इसके बाद जगह जगह उसे डंप कर दिया जाता है। रेत का यह अवैध कारोबार रात के अधंरे में होता है, फिर वहां से बड़ी बड़ी गाड़ियों को लगाकर डंप रेत की सप्लाई अन्य शहरों में और पड़ोसी जिलों तक की जाती है। वर्तमान में नगर के केरा रोड बाईपास रोड़ के पेट्रोल पंप के सामने, केरा रोड़ हॉटल राघव इन के पीछे व केरा रोड के पवन फ्यूल्स के सामने भट्टा में बड़ी मात्रा में रेत का भंडारण कराया गया हैं। जिसे रात के समय हाइवा में लोड कराकर बेचा जाता हैं। रात होते ही नगर की सड़कों पर हाइवा वाहनों का आना शुरू हो जाता हैं। फिर रेत के कारोबारियों से संपर्क करके रातों रात मशीन लगाकर डंप रेत की लोडिंग कराई जाती है और सुबह होने के पहले गाड़िया निकल जाती है।



महानदी में लगा रेत का पहाड़

### करेंगे कार्रवाई

रेत का अवैध भंडारण कराने की जानकारी संज्ञान में आई हैं। टीम भेजकर जांच कराएंगे। रेत का अवैध भंडारण कराकर बेचने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**-टेकेंद्र नुरूटी,**
तहसीलदार, शिवरीनारायण

## सील किए क्लीनिक सप्ताह भर में ही होने लगे संचालित, कार्रवाई पर सवाल

**बिर्रा।** अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को बीएमओ और तहसीलदार ने संयुक्त टीम ने सील किया था। सप्ताह भर के भीतर क्लीनिक फिर से खुल गए है। ऐसे में अब अफसरों द्वारा की गई कार्रवाई पर सवाल उठने लगे है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों विकासखंड चिकित्सा अधिकारी के साथ तहसीलदार की संयुक्त टीम जांच में पहुंची थी। इस दौरान बिर्रा में संचालित एक क्लीनिक और मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई थी। जांच के दौरान विभाग द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं होने पर क्लीनिक और मेडिकल दोनों को सील कर दिया गया था। इधर इस कार्रवाई के कुछ दिनों बाद उक्त क्लीनिक फिर से संचालित होने लगा है। इसके साथ ही मेडिकल भी संचालित हो रहा है। ऐसे में कई तरह के सवाल उठने लगे है।

इस संबंध में बम्हनीडीह बीएमओ अजम्भर सिसोदिया का कहना है कि मेडिकल स्टोर वैध था इस लिए सिर्फ उसे ही खोलने का आदेश किया गया है। क्लिनिक संचालन किया जा रहा होगा तो कानूनी कार्यवाही की जाएगी।




### अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिनों ने रखा निर्जला तीज व्रत

# महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर मांगा अमर सुहाग का वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हरितालिका तीज के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने दिनभर भूखी-प्यासी रहकर पति के दीर्घायु के लिए शंकर-पार्वती से मंगल कामना की। नए परिधान व गहनों से सजी-धजी महिलाओं ने शिव मंदिर पहुंचकर सामूहिक पूजा-अर्चना की और अगली सवेरे अपने-अपने घर में खाने के लिए आमंत्रित किया।

अंचल में अखण्ड सौभाग्यवती होने का महान पर्व तीजा व्रत मंगलवार 26 अगस्त को सुहागिनों द्वारा रखा गया। कहते है भगवान शिव को पति रुप में प्राप्त करने माता पार्वती द्वारा किए गए निर्जला उपवास तीजाव्रत की पौराणिक मान्यता अनुसार आज के दिन सुहागिनों ने अखण्ड सौभाग्य पाने व अपने पति के लिए दीर्घायु की मंगल कामना करते हुए तीजा उपवास रखा। नगर एवं आसाास के गांवों में हरितालिका का निर्जला व्रत सुहागिनों में उपवास के पूर्व बहु-बेटियों का ससुराल से मायके आने-जाने की प्रथा भी है। इस पर्व पर घरों-घर तहर-तरह के पकवान बनाए गए जिसमें खुरमी, ठेठरी, तिखुर सेवाई, गुचकुलीया, खीर-पुड़ी आदि बनाई गई। सुहागिनों ने रतजगा कर भजन-कीर्तन किया। पुराणों के अनुसार माता पार्वती ने यह व्रत अपने पिता हिमांचल के घर में रहकर किया था, इसलिए पूरे छत्तीसगढ़ परंपरा के अनुसार तीजा का व्रत मायके मे आकर किया जाता है। महिलाओं ने करेला की सब्जी खाकर उपवास प्रारंभ किया। सुहागिनों ने भोर में तालाबों, नदी में स्नान उपरांत पूजा पाठ की जिसमें तोरण, झंडे, फूल-पान, केला पत्ता, धूप-दीप एवं शंकर पार्वती की प्रतिमा को पवित्र स्थल पर विराजित कर चंदन- रोली से टीका लगाया। सुहाग की समस्त श्रृंगार चढ़ाकर नए वस्त्र धारण कर अपने सौभाग्यवती सुहागिनों द्वारा अपने सुहाग की रक्षा के लिए गौरी मैय्या में सुहाग सामग्री चढ़ाकर व्रत तोड़ा गया। इधर तीजा पर्व के दौरान पूजा अर्चना को लेकर महिलाओं की आवाजाही सुबह से शाम तक देखी गई। जिसके चलते दुकानों में भी अधिक भीड़ नजर आई।



तीजा पर्व पर पूजा अर्चना करती सुहागिन महिलाएं।

## रायपुरा में गौचर भूमि बेचने का मामला, कलेक्टर से गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेठा-सक्ती

■ सक्ती जिले के ग्राम पंचायत रायपुरा का मामला

ग्राम पंचायत रायपुरा में लंबे समय से ग्रामीणों के मवेशियों के लिए सुरक्षित की गई गौ चरन भूमि को कथित रूप से कुछ व्यक्तियों द्वारा निजी भूमि बताकर बेचने का मामला सामने आया है।

इस संबंध में ग्रामवासियों ने जिला कलेक्टर सक्ती को लिखित आवेदन प्रस्तुत कर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने सामूहिक रूप से शासकीय चरनो की भूमि को निजी संपत्ति बताकर बेच दिया है। ग्रामवासियों ने बताया कि इस जमीन पर वर्षों से गांव के पशु चरते आ रहे हैं, लेकिन अब इसे हड़पने और बेचने की कोशिश की जा रही है। इससे ग्रामीणों के सामने मवेशियों के चारे की समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से जिला प्रशासन से अपील की है कि गौ चरन भूमि की बिक्री को तत्काल रोका जाए तथा दोषियों पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। आवेदन पर छतलाल, नंदकुमार, शंकरलाल तथा दिनेश्वर सहित ग्राम पंचायत रायपुरा के ग्रामीणों के हस्ताक्षर दर्ज हैं। कार्रवाई की मांग करने वालों में नरेन्द्र महंत, शंकरलाल साहू, बुधेश्वर साहू, देवराम साहू के नाम शामिल है।

## खबर संक्षेप



### गणेश प्रतिमा बनाओं प्रतियोगिता में लावन्या रही अव्वल

**कोरबा।** गणेश चतुर्थी को लेकर समूचा अंचल बप्पा की भक्ति में डूबा नजर आ रहा है। उत्सव समितियां आयोजन की तैयारियों में जुटी हुई हैं। दूसरी ओर बच्चों में भी गणेशोत्सव का उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में कांशीनगर स्थित ज्ञान अंजली विद्या मंदिर स्कूल में गणेश प्रतिमा बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने एक से बढ़कर एक बप्पा की प्रतिमा बनाई। निर्णायक दल द्वारा उत्कृष्ट प्रतिमाओं का चयन कर विजेता प्रतिभागियों की घोषणा की। प्रतियोगिता में कक्षा 5वीं की छात्रा लावन्या महंत प्रथम रही। द्वितीय स्थान पर शम्मी सारथी व तृतीय स्थान पर सौम्या सारथी रही। विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों प्राची, समर सारथी, साहिल मंहत, मयंक चौहान व अंजू पैकरा ने भी गणेश की आकर्षक प्रतिमा तैयार की। तैयार की गई प्रतिमा को स्कूल में ही रखकर पूजा अर्चना की जाएगी। जिनका विधि विधान से पूजा अर्चना उपरांत विसर्जन किया जाएगा। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को गणेश चतुर्थी के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया गया। प्रतियोगिता आयोजन में स्कूल संचालिका चंपा देवी चंद्रा, प्रभारी प्रधान पाठक गुंजन पांडेय, वरिष्ठ शिक्षिका तन्नू गुप्ता, शुभांशी धृतलहरे, मैथली चंद्रा, किरण कटकवार, रौशनी चंद्रा व अन्य का मार्गदर्शन रहा।

### अग्रसेन पब्लिक स्कूल में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशानुसार जिले में सजग कोरबा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 25 अगस्त को अग्रसेन पब्लिक स्कूल कोरबा में महिला सहायता एवं परिवार परामर्श केंद्र कोरबा तथा थाना यातायात कोरबा द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति में बच्चों को गुड टच-बैड टच, ऑनलाइन शिकायत, पुलिस विभाग द्वारा जारी अभिव्यक्ति ऐप, बच्चों से संबंधित कानूनी जानकारी, मार्शल आर्ट्स एवं यातायात के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में श्री सियाराम बंजारे (शिक्षक) द्वारा भी उपयोगी मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम में थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक तेज कुमार यादव, उपनिरीक्षक मनोज राठौर, म.प्र.आर. बेनेदिक्ता ग्लोरिया बेक, म.आर. अनुसुईया भानु, म.आर. बिंदेद्वरी साहू, म.आर. अंजु, सुचिता पन्ना, आर. ओमप्रकाश निर्मलकर एवं यातायात स्टाफ उपस्थित रहे।

### पुलिस अधिकारियों व कर्मियों ने फिटनेस को अपनाने की साइकलिंग



**कोरबा।** फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत जिले में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ नागरिकों ने साइकिलिंग को लेकर गंभीरता दिखाई। स्वास्थ्य क्षेत्र को बेहतर करने के लिए इस तरह की कोशिश को निरंतर गतिशील करने पर ध्यान देने पर जोर दिया गया। प्रशासन के निर्देश पर इस तरह के कार्यक्रम जिले में संचालित किए जा रहे हैं। एक निश्चित पॉइंट से साइकिल रेस शुरू की गई और फिर इसका समापन किया गया। प्रतिस्पर्धा के बजाय इसे नियमित दिनचर्या में शामिल करने सभी को मानसिक रूप से तैयार किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश ठाकुर, डीएसपी ट्रैफिक डीके सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का, ट्रैफिक निरीक्षक तेज सिंह यादव, निरीक्षक अभिनव कांत सिंह, प्रमोद डनसेना, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मनोज राठौर के अलावा अन्य पुलिस कर्मचारी और यूथ रिंग की भागीदारी साइकिलिंग में शामिल हुई।

## जिले में गणेशोत्सव की रहेगी धूम, जगह जगह बन रहे भव्य आकर्षक पंडाल

# 50 से अधिक पूजा पंडाल हो रहे हैं तैयार, अब तक मात्र 12 समितियों ने विद्युत कनेक्शन के लिए दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गणेश पूजा व उत्सव की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। सभी पूजा पंडालों में समितियों ने तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी है और तैयारी अंतिम दौर पर भी है लेकिन अब तक शहर में गणेश पूजा पंडालों में विद्युत कनेक्शन लेने के लिए मात्र एक दर्जन गणेश उत्सव समितियों ने विद्युत विभाग के कार्यालय में विधिवत आवेदन किया है। हालांकि विभाग के अधिकारियों ने सभी समितियां को तय समय के भीतर आवेदन लेने के लिए कहा है।

उल्लेखनीय है कि गणेश उत्सव 27 तारीख से धूमधाम से मनाया जाएगा। शहर के सभी प्रमुख पूजा समितियों ने तैयारियां पूरी कर ली है और कई समितियों ने तो अपने पूजा पंडाल को भी लगभग पूरी तरह से तैयार कर लिया है तो किसी समिति द्वारा पंडालों को अंतिम रूप देने तो किसी समिति द्वारा गणेश की प्रतिमा को लाने का सिलसिला भी शुरू कर दिया गया है। मात्र 2 दिन ही शेष रह गया है लेकिन गणेश पूजा उत्सव समितियां द्वारा पूजा पंडालों में विद्युत कनेक्शन लेने के लिए रुचि नहीं दिखा रहे हैं। विद्युत वितरण विभाग के कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक शहर के तीनों जोन में अब तक मात्र एक दर्जन पूजा समितियों ने विद्युत कनेक्शन लेने के लिए विधिवत आवेदन किया है। हालांकि विद्युत वितरण विभाग के डीई रोशन लाल वर्मा ने इसके लिए सभी जोन अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें सभी समिति के पदाधिकारियों को तय समय के भीतर पूजा पंडालों में विद्युत कनेक्शन विधिवत लेने के लिए फरमान जारी कर दिया है। यदि विद्युत विभाग का कनेक्शन पूजा समितियों के द्वारा नहीं लिया जाता है तो आने वाले दिनों में उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।



### तीनों जोन में 50 से अधिक समिति

शहर के प्रमुख पूजा पंडालों की बात करें तो शहर के तीनों जोन पाड़ीमार जोन, तुलसी नगर जोन और दर्री जोन में प्रमुख पूजा समितियों में लगभग 50 से अधिक पूजा पंडाल समिति है जहां बड़े स्तर पर गणेश उत्सव का त्यौहार मनाया जाता है लेकिन लोग विद्युत कनेक्शन लेने में कोताही बरतते हैं और हूकिंग के माध्यम से ही विद्युत कनेक्शन लेते हैं और पूजा पंडालों को रोशन करते हैं। हालांकि विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इसके लिए उन्होंने विशेष तैयारी की है और सभी जोन अफसरों को कनेक्शन के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं। हालांकि अभी दो दिनों के भीतर और भी विभिन्न पूजा समितियां द्वारा आवेदन किए जाने की बात कही जा रही है।

### गणेश उत्सव में 70 डेसीबल में ही बजेंगे साउंड सिस्टम

कोरबा एसडीएम सरोज महिलांगे ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्रि की तरह गणेश उत्सव में भी साउंड सिस्टम व डीजे में पूर्व नियम लागू रहेगा। 70 डेसीबल पर ही डीजे बजाना होगा और इसके लिए उन्हें बकायदा अनुमति लेनी होगी। वहीं दूसरी ओर हाइ डेसीबल में डीजे बजाने वाले डीजे संचालकों के खिलाफ पुलिस एक्शन में आ चुकी है और कार्रवाई कर रही है तो वहीं दूसरी ओर सोमवार को कोतवाली थाना में डीजे संचालकों की बैठक लेकर उन्हें आदेश निर्देश और हाईकोर्ट के नियम का हवाला देकर उन्हें विस्तृत जानकारी दे दी गई है कि वे नियमों का पालन करें अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सभी समितियों को किया गया निर्देशित

शहर के तीनों जोन में अब तक एक दर्जन समितियों ने विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन किया है बाकि समितियों को भी विद्युत कनेक्शन लेने के लिए निर्देशित किया गया है।

**-रोशन लाल वर्मा,** डीई विद्युत वितरण विभाग

### दो आरोपियों से 21 लीटर महुआ शराब जब्त



**कोरबा।** ग्राम केराझरिया में महिला समूह के द्वारा अवैध महुआ शराब बंदी के संकल्प पर कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर और सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती आशा सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त दीपका में आबकारी उपनिरीक्षक डॉ सुकांत पांडेय की टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम केराझरिया थाना पाली में फूलसिंह द्वारा महुआ शराब विक्रय की सूचना पर छद्मक्रेता द्वारा टेस्ट परचेज कराया गया पुष्टि होने उसके मकान में दबिश दी गई जहाँ आरोपी के से कुल 8.2 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। ग्राम केराझरिया में ही अजय कुमार द्वारा महुआ शराब विक्रय की सूचना पर छद्मक्रेता द्वारा टेस्ट परचेज कराया गया पुष्टि होने पश्चात आरोपी के बाड़ी की तलाशी लेने पर कुल 12.7 लीटर महुआ शराब एवं 40 किलो महुआ लाहन बरामद की गई। दोनों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क,ख,च),34(2) 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया।

# नगर पंचायत अध्यक्ष सहित पार्षदों ने सीएमओ के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पंचायत छुरी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के खिलाफ नगर पंचायत अध्यक्ष सहित पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सीएमओ के कार्य प्रणाली पर गंभीर आपत्ति जताते हुए उनके खिलाफ जांच की मांग की है।

**खास बातें**

- कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जांच की रखी मांग
- मामला नगर पंचायत छुरीकला का

कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में नगर पंचायत अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन ने कहा कि सीएमओ दीपांकन यादव द्वारा मनमानी कार्यशैली एवं ठेकेदारों से संलिप्ता के साथ तानाशाही पूर्ण व्यवहार के कारण नगर पंचायत क्षेत्र में विकासकार्य बाधित हो रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष सहित पार्षदों ने आरोप लगाया है कि पादर्शिता एवं उत्तरदायित्व की लगातार अनदेखी की जा रही है। कई महत्वपूर्ण कार्यों में पार्षदगणों की उपेक्षा की गई है तथा नागरिकों के समस्याओं के समाधान में लापरवाही बरती जा रही है जिससे जनप्रतिनिधियों एवं शासन की छवि आमजन में धूमिल हो रही है। ज्ञापन में जनप्रतिनिधियों ने उल्लेख करते हुए बताया है कि पिछले कार्यकाल में अध्यक्ष एवं पार्षद निधि से 40 लाख की राशि से प्लास्टिक कुर्सी, वाटर कुलर सहित अन्य सामानों की खरीदी गई थी। पीआईसी द्वारा जांच में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित अधिकारियों ने अपने निजी स्वार्थ के लिए गुणवत्ताहीन सामग्री बाजार दर से कई गुना अधिक कीमत पर खरीदी इस पर अध्यक्ष के द्वारा 29 अप्रैल को लिखित रुप से जांच करने एवं भुगतान रोकने के निर्देश देने के बावजूद सीमएओ ने भुगतान कर दिया। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि यह कार्य प्रणाली कदाचार की श्रेणी में आती है। साथ दीपांकन यादव का मूलपद राजस्व निरीक्षक है जिनके पास सीएमओ पद का अनुभव नहीं है, जिससे नगर पंचायत के कार्य ठप्प पड़े हुए हैं। ज्ञापन में नगर पंचायत अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन व पार्षदों ने कलेक्टर से मांग की है कि उनके द्वारा उठाए गए इस विषय पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि विकास कार्य संपन्न हो सके।



पदमिनी देवांगन

### एसडीएम के स्थगन आदेश के बाद निर्माण जारी, कार्रवाई की मांग

**डभरा।** शासकीय जमीन पर अवैध बेजा कब्जा करने वाले के हौसले बुलंद हो गए है कि दो दो स्थगन आदेश और प्रतिबंधात्मक कार्यवाही होने के बावजूद शासकीय आदेश को ठेंगा दिखाते हुए अवैध निर्माण किया जा रहा है। विदित हो कि तहसील डभरा अंतर्गत खरसिया डभरा मुख्य सड़क पर स्थित ग्राम गोबरा में लाखों रुपए की बेशकीमती जमीन पर अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है जिसकी ग्रामवासियों द्वारा शिकायत किया गया था जिस पर तहसीलदार के द्वारा स्थगन आदेश जारी करते हुए तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया गया था उसके बावजूद अवैध निर्माण जारी था जिसका दोबारा शिकायत किए जाने पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया था तब कुछ दिनों के लिए अवैध निर्माण बंद कर दिया गया था। इस पर अनुविभागीय अधिकारी (रा) के पास शिकायत किया गया था। जिस पर एसडीएम 13 अगस्त को स्थगन आदेश जारी करते हुए अवैध निर्माण पर रोक लगा दिया गया था लेकिन इसके बाद भी स्थगन आदेश को ठेंगा दिखाते हुए अवैध निर्माण लगातार जारी है।

## मानदेय शिक्षकों को वेतन देने की तैयारी, जाएगा सीधे खाते में

**कोरबा।** जुलाई महीने में भर्ती किये गये मानदेय शिक्षकों को वेतन देने की तैयारी शुरु हो गई है। इस बार सीधे बीईओ कार्यालय से शिक्षकों से खाते में मानदेय भेजा जाएगा। पूर्व में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मानदेय की राशि जारी होती थी। जिसमें देरी होने की शिकायतें आने के कारण नई व्यवस्था इस वर्ष से लागू की गई है।

एकल शिक्षकीय और कम शिक्षक वाले स्कूलों में मानदेय शिक्षकों एवं भृत्य की भर्ती की गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण अंचल के शिक्षित बेरोजगारों को मौका मिला था। जो कभी इस तरह के रोजगार के लिए भटका करते थे। मानदेय शिक्षकों की भर्ती के साथ ही भृत्यों की भर्ती भी की गई थी जिन्हें डीएमएफ से मानदेय दिया जा रहा है। सितंबर महीने में पहला वेतन उन्हें मिल जाएगा। ऐसे मानदेय शिक्षकों की संख्या लगभग 6 सौ है। इसके लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को अधिकृत कर दिया गया है। डीईओ कार्यालय से मानदेय की राशि बीईओ कार्यालय में भेजी जाएगी और वहां से शिक्षकों के बैंक खाते में जारी कर दिया जाएगा। पूर्व में बीईओ कार्यालय से डीईओ कार्यालय जानकारी जाती थी जिसकी वजह से मानदेय मिलने में देरी का सामना शिक्षकों को करना पड़ता था।

# अपराध छोड़ समाज की मुख्यधारा में लौटकर जिएं जिंदगी : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा थाना परिसर में सोमवार को थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने जेल से रिहा बंदियों, गुंडा व निगरानी बदमाशों की परेड करवाई। इस दौरान थाना प्रभारी ने सभी को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि यदि वे दोबारा अपराध की राह पर लौटे तो उनके खिलाफ कठोर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी। श्री तिवारी ने कहा कि समाज में अमन-चैन बनाए रखना पुलिस की जिम्मेदारी है और अपराधियों को भी अब यह समझना होगा कि कानून से खिलवाड़ करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बदमाशों को समझाइश दी कि अपराध छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटें और सम्मानजनक जीवन जिएं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अपराध की राह तात्कालिक लाभ दे सकती है लेकिन अंत में उसका परिणाम बर्बादी ही होता है। इसलिए सभी को अपने परिवार, बच्चों और समाज के भविष्य के बारे में सोचकर सकारात्मक दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए।

**खास बात**

- कटघोरा थाना प्रभारी ने ली बदमाशों की परेड



थाने में निगरानी बदमाशों को निर्देश देते थाना प्रभारी।

## दांपत्य जीवन को सुखमय बनाना खुद के हाथ में

# गृहस्थ जीवन को भगवान का प्रसाद समझें : पं. विजय शंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पितृमोक्षार्थ गयाश्राद्धांतर्गत मातनहेलिया परिवार द्वारा जश्न रिसोर्ट कोरबा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक पंडित विजय शंकर मेहता ने कपिल गीता, शिव-सती चरित्र और भरत चरित्र को जीवन प्रबंधन से जोड़कर विभिन्न प्रहसनों के माध्यम से श्रोतागणों को समृद्ध और खुशहाल दाम्पत्य जीवन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गृहस्थ जीवन को भगवान का प्रसाद समझे और घर में कलह को घूसने न दें।

गृहस्थ जीवन को भगवान का प्रसाद समझ कर यदि जीवन बीताएंगे तो कभी पति-पत्नी के बीच संबंध खराब नहीं होंगे। उन्होंने कहानी के माध्यम से बताया कि पति-पत्नी के झगड़े का कोई समय नहीं होता। रात को भी जब पति-पत्नी लड़ते हैं और करवट बदल-बदल कर दोनों के बीच नोंक-झोंक होती है और सुबह कब होती है पता ही नहीं चलता। सुबह होते ही पति बोलता है आज रातभर दिमाग खराब हो गया-मसालेदार चाय लेकर आओ और दोनों साथ बैठकर चाय भी पीते हैं। उन्होंने कहा अपने दाम्पत्य जीवन को सुखमय बनाना खुद के हाथ में है। झूकना सीखिए और देखिए, परिवार कैसे खुशहाल बन जाएगा। पति-पत्नी के बीच संबंधों का सीधा असर संतान पर पड़ता है, कम से कम संतान के लिए संबंध मधूर रखिए। उन्होंने कहा कि जब भी रामकथा सुनिए, शिव की तरह सुनें और रम जाएं। रामकथा कान से सुनें और ऐसा सुनें कि नाभि में उतर जाए। उन्होंने कहा कि भरत राम के सबसे बड़े भक्त थे और आज के राजनेताओं को भरत से राजनीति सिखनी चाहिए। भरत जैसा आजतक कोई राजा नहीं हुआ, जिसके कारण ही हमारे देश का नाम भारतवर्ष पड़ा। कथावाचक एवं जीवन प्रबंधन गुरू पं. विजय शंकर मेहता के हैं। वे मातनहेलिया परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में प्रवचन देने कोरबा प्रवास पर पहुंचे हैं।





भागवत कथा में उपस्थित श्रोतागण।

**न्यायालय कार्यपालक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक/ /तह./ज.मृ/202...
नवागढ़, दिनांक //202

एतद द्वारा सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि ममता देवी पिता कोमल प्रसाद जाति कुर्मी साकिन भैसमुड़ी तहसील व थाना नवागढ़, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं. 07 ग्राम भैंसमुड़ी में अपने/अपनी (रिश्ता लिखे) स्वयं नाम ममता देवी के जन्म दिनांक 05/10/1982 को होने से जन्म/मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो, तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 27/08/25 के पूर्व पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/08/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी नवागढ़**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इन्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में बदलाव, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वेरीकोसिल, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट स्तन, कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# अगस्त्य और जुनैद का होगा बॉक्स ऑफिस में मुकाबला

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस क्लैश कुछ भी नया नहीं है। अक्सर बॉक्स ऑफिस पर कई बड़े स्टार्स की फ़िल्में एक साथ रिलीज होती है। लेकिन इस बार बॉक्स ऑफिस मुकाबला दो स्टार किड्स के बीच में है। स्टार किड्स हैं अमिताभ बच्चन ने नाती अगस्त्य नंदा और आमिर खान के बेटे जुनैद खान। सूत्रों से पता चला है कि अगस्त्य नंदा और जुनैद खान की फ़िल्में सेम डे सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है । अगस्त्य नंदा की श्रीराम राघवन निर्देशित इक्कीस एक वॉर ड्रामा है, जिसमें वह लीड रोल निभा रहे हैं। शुरुआत में फिल्म इक्कीस को 2 अक्टूबर को रिलीज करने की योजना थी।

लाइफ Style

# दिव्या
## ब्लैकमेलर के किरदार में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'एक चतुर नार' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में नील और दिव्या के बीच चालाकी का खेल देखने को मिल रहा है। फिल्म में दिव्या ने एक ब्लैकमेलर का किरदार निभाया है।

ट्रेलर की शुरुआत दिव्या खोसला की आवाज से होती है, जिसमें वो कहती हैं कि 'हर शहर में दो तरह की बस्ती होती है। एक नदी किनारे वाली और एक नाले किनारे वाली' ट्रेलर में दिखाया गया है कि दिव्या खोसला फिल्म में गरीब बनी हैं, जो अपनी जीविका चलाने के लिए अलग-अलग काम करती दिखती हैं। जबकि नील नितिन मुकेश फिल्म में अभिषेक वर्मा के किरदार में नजर आएंगे, जो एक पैसे वाला शख्स है। ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म में दिव्या खोसला के हाथ कुछ ऐसा लगता है, जिससे वो नील नितिन मुकेश को ब्लैकमेल करने लग जाती है। फिर आगे कहानी किस तरह से मजाकिया से गंभीर हो जाती है, ये फिल्म देखने के बाद पता चलेगा। फिल्म का ट्रेलर फिल्म के बारे में ज्यादा कुछ तो नहीं बताता है, लेकिन इतना गारंटी जरूर देता है कि फिल्म कॉमेडी, सस्पेंस और ड्रामा से भरपूर होने वाली है। रहस्य, चालाकी और माइंग गेम से भरपूर ये ट्रेलर एक ऐसी कहानी का दावा करता है जहां चतुराई सबसे बड़ा हथियार बन जाती है। ट्रेलर में आवाज आती है 'होशियारी शुरू'... इस टैगलाइन से साफ है कि फिल्म में दिमागी चालें, धोखे और अप्रत्याशित मोड़ देखने को मिल सकते हैं।



हॉलीवुड मसाला



# विकेडः फॉर... 21 नवंबर को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 2024 में आई फिल्म 'विकेड' ने 5 ऑस्कर पुरस्कार अपने नाम किए थे। अब इसका दूसरा पार्ट जल्द ही रिलीज होने जा रहा है। इसमें ऑस्कर विजेता अभिनेत्री मिशेल यो भी हैं। उन्होंने बताया कि क्यों इस फिल्म को दो पार्ट में बनाया गया है। 'विकेड 2' में ओज की चुड़ैलों की उत्पत्ति की कहानी है। 'विकेडः फॉर गुड' 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिपोर्ट के अनुसार, इसमें सिंथिया एरिवो, एरियाना ग्रांडे, जेफ गोल्डब्लम और जोनाथन बेली भी हैं। 'विकेड' के निर्देशक जॉन एम. चू हैं।



# किम ने परिवार के साथ मनाया जश्न

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रियलिटी टीवी स्टार किम कार्दशियन ने आखिरकार 6 साल की कठिन मेहनत के बाद लॉ स्कूल से स्नातक की उपाधि प्राप्त कर ली है। इस अवसर पर किम ने परिवार और दोस्तों के साथ जश्न मनाया। बता दें कि किम ने यह डिग्री कैलिफोर्निया के 'लॉ ऑफिस स्टडी प्रोग्राम' से हासिल की है। किम ने साल 2021 में किम ने 'बेबी बार' परीक्षा पास की थी, जो कानून की पढ़ाई का पहला पड़ाव होता है। इसके बाद उन्होंने मल्टीस्टेट प्रोफेशनल रिस्पॉन्सिबिलिटी परीक्षा को भी सफलतापूर्वक पास कर लिया। किम ने इस उपलब्धि का जश्न अपने परिवार और दोस्तों के साथ एक निजी समारोह में मनाया। किम ने इंस्टाग्राम पर इस समारोह की कई झलकियां साझा की। किम के दिवंगत पिता रॉबर्ट कार्दशियन भी एक दिग्गज वकील थे।



# नन्हे मेहमान की किलकारी से गूंजेगा घर...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा और सांसद राघव चड्ढा ने अपने पहले बच्चे के आगमन की घोषणा कर दी है। पहले गर्भावस्था की अफवाहों का खंडन करने वाली परिणीति अब मां बनने वाली हैं, यह 'गुड न्यूज़' सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पर एक संयुक्त पोस्ट के साथ यह खुशखबरी साझा की। उन्होंने एक खूबसूरत सजे हुए केक की तस्वीर शेयर की, जिसे एक गोल चांदी की थाली में रखा गया था और उसके ऊपर एक मुलायम बेज रंग का कपड़ा बिछा था, जिसके पास ही नाज़ुक सफेद फूल रखे थे। बीच में, केक के दो छोटे पैरों के सुनहरे निशान हैं और साथ में "1 + 1 = 3" लिखा है, जो उनके बढ़ते परिवार का संकेत देता है। इस पोस्ट में परिणीति और राघव का एक वीडियो भी शामिल है।



# जूनियर एनटीआर : नहीं करेंगे काम...

**मुंबई।** 'वॉर 2' का प्रचार-प्रसार जिस स्तर पर हुआ था, लग रहा था ये बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ देगी। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर का स्टारडम, यशराज जैसा इतना बड़ा प्रोडक्शन हाउस, 400 करोड़ का बजट, एक धांसू फिल्म के लिए जरूरी सारे मसाले इसमें थे, बावजूद इसके फिल्म बेस्वाद रह गई। अब वजह कोई भी रही हो, लेकिन फिलहाल एनटीआर ने बॉलीवुड में काम करने का ख्याल छोड़ दिया है। खबरें थीं कि 'वॉर 2' के बाद एनटीआर यशराज बैनर की एक सोलो हीरो वाली फिल्म में भी काम करेंगे, लेकिन अब खबर आ रही है कि एनटीआर ने फिलहाल इस फिल्म को रोक दिया है। उन्होंने एक नहीं, बल्कि यशराज के साथ कई फिल्मों की डील साइन की थी, लेकिन अब अभिनेता का पूरा ध्यान अपनी तेलुगू फिल्मों पर है।

टीवी मसाला

# 'नागिन 7' का टीजर आउट

मुंबई। टीवी का पॉपुलर शो 'नागिन' एक बार फिर से अपने नए सीजन के साथ आने वाला है। शो के सातवें सीजन का पहला टीजर मेकर्स ने रिलीज कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर 'नागिन 7' का टीजर रिलीज किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'जिस की बेसबरी से राह देखी आपने हर दिन, आ रही है आपसे मिलने नागिन!' नागिन के सातवें सीजन के टीजर आने से फैंस बेहद एक्साइटेड हो गए हैं। 'नागिन' बालाजी टेलीफिल्म्स के तहत एकता कपूर निर्मित नागों और नागिन के बारे में बना एक अलौकिक टीवी शो है, जो टीवी पर प्रसारित होता रहा है। पहले सीजन में मौनी रॉय, अर्जुन बिजलानी और अदा खान ने अभिनय किया। 'नागिन' के दूसरे सीजन में मौनी रॉय, करणवीर बोहरा और अदा खान ने अभिनय किया। 'नागिन' ने तीसरे सीजन में सुरभि ज्योति, पर्ल वी पुरी और अनीता हसनंदानी ने अभिनय किया। 'नागिन' के चौथे सीजन में निया शर्मा और विजयेंद्र कुमेरिया ने अभिनय किया। 'नागिन' के पांचवे सीजन में सुरभि चंदना, शरद मल्होत्रा और मोहित सहगल ने अभिनय किया। 'नागिन' के छठे सीजन में तेजस्वी प्रकाश, सिम्बा नागपाल, महक चहल, श्रेय मित्तल और वत्सल शेठ ने मुख्य भूमिकाएं निभाईं। अब वहीं 'नागिन 7' टीजर आज रिलीज हो गया है। बहरहाल, नागिन के चेहरे से पर्दा उठना अभी बाकी है।



# ईशान और विशाल की फिल्म होमबाउंड की आईएफएफएम में हुई ग्रैंड क्लोजिंग

इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2025 का शानदार समापन होमबाउंड की आधिकारिक स्क्रीनिंग के साथ हुआ। यह फिल्म, जिसे राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक नीरज घेवन ने निर्देशित किया है और धर्मा प्रोडक्शंस ने निर्मित किया है, में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म ने ग्रैंड क्लोज़िंग नाइट में दर्शकों का दिल जीत लिया। इस फिल्म ने इस साल फेस्टिवल में दो बड़े अवॉर्ड भी जीते – बेस्ट फिल्म और बेस्ट डायरेक्टर।



**मुंबई।** क्लोज़िंग नाइट पर दर्शकों की भारी भीड़ रही और ऑस्ट्रेलियन दर्शकों की बड़ी उत्सुकता के चलते फिल्म की दो स्क्रीनिंग रखी गईं। भावनात्मक कहानी और दमदार अभिनय ने सबका दिल छू लिया और फिल्म खत्म होते ही पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। फिल्म की सफलता पर नीरज घेवन ने कहा, "होमबाउंड को मेलबर्न लाना और यहां दो अवॉर्ड जीतना मेरे लिए बेहद खास है। इतनी विविधता से भरे लोगों के बीच होना एक अद्भुत अनुभव है। मैंने दुनिया के किसी भी कोने में ऐसा सहयोग और समर्थन कभी नहीं देखा जैसा यहां ऑस्ट्रेलियन सरकार और मंत्रीगण इस फेस्टिवल के लिए कर रहे हैं।"

# खरीदा अपने सपनों का पेंट हाउस



अपनी उपलब्धियों के अलावा, कृति ने अब मुंबई में अपने सपनों का पेंटहाउस खरीदा है, जो उनके लिए एक खास भावनात्मक मूल्य रखता है।

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अपनी निजी और पेशेवर ज़िंदगी दोनों में एक बेहतरीन दौर का आनंद ले रही हैं। कई सफल फिल्मों और प्रमुख फ्रैंचाइजी में प्रमुख भूमिकाओं के साथ, उन्होंने समर्पण और कड़ी मेहनत से इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई है। अपनी उपलब्धियों के अलावा, कृति ने अब मुंबई में अपने सपनों का पेंटहाउस खरीदा है, जो उनके लिए एक खास भावनात्मक मूल्य रखता है। कृति ने बताया कि कैसे उनका यह सपना एक नए पेंटहाउस के साथ हकीकत में बदल गया है। कृति ने बताया कि कैसे लगा। लेकिन कभी-कभी मुझे लगता है कि स्थिरता बहुत जरूरी है। मुझे घर घर जैसा ही पसंद है। मुझे बार-बार घर बदलना पसंद नहीं, खासकर माता-पिता के साथ। मुझे लगता है कि स्थिरता बहुत ज़रूरी है। वहीं कृति इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म की तैयारियों में बिजी हैं। इसी बीच मुंबई एयरपोर्ट से उनका वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

# डू यू वाना पार्टनर 12 सितंबर से होगी रिलीज

**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने घोषणा की, कि उसकी नई ओरिजिनल कॉमेडी-ड्रामा सीरीज, डू यू वाना पार्टनर का प्रीमियर 12 सितंबर को किया जाएगा। इसमें तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी, इनके साथ जावेद जाफरी, नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, नीरज काबी, सूफी मोतीवाला और रणविजय सिंह भी अहम किरदार निभा रहे हैं। धर्मैटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी यह दिलचस्प और मजेदार सीरीज करण जौहर, आदर पूनावाला और अपूर्व मेहता ने प्रोड्यूस की है, जबकि एक्ज़ीक्यूटिव प्रोड्यूसर के तौर पर शोमेन मिश्रा और अर्चित कुमार जुड़े हैं, इस सीरीज का निर्देशन कॉलिन डी'कुन्हा और अर्चित कुमार ने किया है। डू यू वाना पार्टनर की कहानी नंदिनी गुप्ता, अर्श वोरा और मिथुन गंगोपाध्याय ने लिखी है और इसे गंगोपाध्याय व निशांत नायक ने क्रिएट किया है।




# 'जुगनुमा' का सामने आया नया पोस्टर

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार मनोज बाजपेयी की नई फिल्म 'जुगनुमा' की रिलीज डेट फाइनल हो गई है। यह 12 सितंबर को रिलीज होगी। मेकर्स ने एक पोस्टर जारी कर इसकी जानकारी फैंस को दी है। 'जुगनुमा' को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस फिल्म को खूब सराहा गया है। अब इसे भारत में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का एक पोस्टर तरण आदर्श ने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, मनोज बाजपेयी की फिल्म 12 सितंबर को रिलीज होगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तारीफ बटोरने के बाद अब ये भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। इस फिल्म को नेशनल अवॉर्ड विजेता राम रेड्डी ने डायरेक्ट किया है। उन्हें कन्नड़ फिल्म थिथि के लिए ये अवॉर्ड मिला था। इसके पोस्टर में मनोज बाजपेयी अपनी ऑनस्क्रीन फैमिली के साथ दिखाई दे रहे हैं। इसमें एक बच्चा उनके कंधों पर बैठा है और सभी किसी बात का जश्न मनाते दिख रहे हैं। इस फिल्म की कहानी 1980 के दशक की है। इसमें जुगनू महादेव (मनोज बाजपेयी) रहस्यमयी तरीके से जल रहे जंगलों के बारे में पता लगाते हैं। इसमें मनोज बाजपेयी के साथ दीपक डोबरियाल, प्रियंका बोस, तिलोत्तमा शोम, हीरल सिद्धू और अवन पुकोट भी अहम किरदार निभा रहे हैं।



# 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का टीजर आउट

**मुंबई।** 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में अभिनेता वरुण धवन और जाह्नवी कपूर को एक बार फिर साथ देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं। वहीं, मेकर्स भी उत्सुकता बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर साझा किया था और अब टीजर की जानकारी देते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की रिलीज डेट के साथ एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, "मंडप सजेगी, महफिल जमेगी...पर सनी और तुलसी की एंट्री सारी स्क्रिप्ट बदल देगी। टीजर 28 अगस्त गुरुवार को रिलीज होगा। फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।" शशांक खेतान के निर्देशन में बनी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में एक बार फिर वरुण और जान्हवी स्क्रीन स्पेस शेयर करते नजर आएंगे।



# 'सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म ओटीटी पर इसी महीने रिलीज होगी। इसमें सोनी राजदान और सबा आजाद लीड रोल में हैं। यह फिल्म कश्मीर की पहली महिला सिंगर नूर बेगम (राज बेगम) की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म की कहानी पद्मश्री से सम्मानित कश्मीरी गायिका राज बेगम पर बनी हैं, जिन्हें कश्मीर की 'मेलोडी क्वीन' के नाम से भी जाना गया। ट्रेलर में उनके उस संघर्ष की झलक है, जिन्होंने उन्हें लोकप्रिय गायिका बनाया। वह दौर ऐसा था कि कश्मीर में महिलाओं को गाने की इजाजत नहीं थी। मगर, तब राज बेगम ने परिवर्तित नाम के साथ यह सफर शुरू किया, विरोध झेला और फिर लगन और मेहनत के बूते सफलता के शिखर पर पहुंचीं। फिल्म में सोनी राजदान और सबा आजाद दोनों ने राज बेगम का रोल अदा करते हुए अलग-अलग समयकाल को दिखाया है। ट्रेलर की शुरुआत में एक शख्स नूर बेगम (सोनी राजदान) से उनकी कहानी पूछता है। वे कहती हैं, क्या करेंगे मेरी कहानी का? जवाब मिलता है, 'आपकी कहानी लोगों तक पहुंचाना बहुत जरूरी है'। अगले दृश्य में सबा आजाद की एंट्री होती है।



### खबर संक्षेप

## ईद मिलादुन्नबी को लेकर बच्चों ने निकाली रैली



**बम्हनीडीह।** पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद की पैदाइश की याद में मनाई जाने वाली ईद मिलादुन्नबी को लेकर बम्हनीडीह के मुस्लिम मोहल्ले में खास उत्साह देखने को मिल रहा है। आने वाले 5 सितंबर को होने वाले पर्व की तैयारियों ने माहौल को खुशनुमा बना दिया है। मंगलवार की शाम को छोटे-छोटे बच्चों ने मोहल्ले में रैली निकालकर ईद मिलादुन्नबी की खुशियां मनाईं। बच्चे मोहल्ले के गली गली घूम कर "नारे-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर" और "जश्ने-ईद मिलादुन्नबी मुबारक" के नारे लगाते हुए गलियों से गुज़रे। नन्हें बच्चों की मासूम आवाज़ों और जोश से पूरा इलाका गूंज उठा।

## पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने इको फ्रेंडली मिट्टी के गणेश

**चांपा।** बुधवार 27 अगस्त से प्रारंभ होने वाले गणेशोत्सव पर्व को लेकर घर-घर में हर्शोल्लास का माहौल है। विशेषकर छोटे-छोटे बच्चों में इस पर्व को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। स्थानीय डागा कॉलोनी बरपाली चौक चांपा में अंशिका, लक्ष्य, ऐरन अग्रवाल ने नन्हे नन्हे हाथों से भगवान श्री गणेश की मूर्ति एवं मूषक वाहन को बनाया है।



## एक लाख रुपए से भरा बैग लौटाने वाले ढाबा संचालक को पुलिस ने किया सम्मान



**बिर्रा।** पुलिस ने दादू ढाबा के संचालक भूपेन्द्र साहू को उनके ईमानदारी व क्षेत्र का मान बढ़ाने के फलस्वरूप सम्मान किया गया। 22 अगस्त को दादू ढाबा सिलादेही में ध्रुव कुमार अग्रवाल जैजैपुर निवासी द्वारा खाना खाने के दौरान अपने बैग में रखे हुये 1 लाख रूपये को काम की व्यस्तता में भूलवश छोड़कर चले गये थे जिसे दादू ढाबा के संचालक भूपेन्द्र साहू द्वारा बैग में रखे हुये उक्त रकम को ढाबा में मिलने पर थाना बिर्रा को सूचित किया, जिसके उपरांत पुलिस स्टॉफ द्वारा धन राशि स्वामी को दादू ढाबा सिलादेही संचालक भूपेन्द्र साहू के उपस्थिति में उक्त 1 लाख रूपये की राशि सकुशल सुपुर्द किये। इस कार्य में भूपेन्द्र साहू की ईमानदारी परिलक्षित होने से 24 अगस्त को थाना प्रभारी बिर्रा जय कुमार साहू के नेतृत्व में थाना स्टॉफ व उपस्थित गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधिगण, पत्रकार ग्राम कोटवार दल की उपस्थिति में दादू ढाबा सिलादेही के संचालक भूपेन्द्र साहू को मेडल, मोमेन्टो, प्रशस्ति पत्र, शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

### निधन

### श्रीमती सुमन चंदेल



**पामगढ़।** समीपस्थ ग्राम सेमरिया (कोसा) के प्रतिष्ठित नागरिक राजवर्धन सिंह की माता श्रीमती सुमन सिंह चंदेल पत्नी स्व. डॉ सत्यवान सिंह चंदेल का 84 वर्ष की आयु में सोमवार 25 अगस्त को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्रों राजवर्धन सिंह, हर्षवर्धन सिंह का भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गईं। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र राजवर्धन सिंह ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### पंडाल लगाने व साज-सज्जा की तैयारियां पूरी

# अंचल में आज जगह-जगह विराजेंगे विघ्नहर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

गणेश उत्सव के लिए अंचल में लगभग सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। नगर सहित आसपास के शहरी एवं गामीण क्षेत्रों में युवाओं द्वारा सार्वजनिक गणेशोत्सव समितियों का गठन किया गया है। बुधवार 27 अगस्त से विघ्नहर्ता शहर एवं गांव में जगह-जगह विराजेंगे, जिसके लिए सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। समिति के पदाधिकारी श्रीगणेश की प्रतिमा को मूर्तिकार के घर से लाकर पूरे अनंत चतुदर्शी तक विधि विधान से पूजा अर्चना करेंगे।

परंपरानुसार हर शुभ कार्य की शुरूआत श्री गणेश जी की पूजा से ही की जाती है। शास्त्रों में भी इन्हें प्रथम पूज्य व रिद्धी-सिद्धी दाता के साथ ज्ञान देव की उपाधि प्रदान की गई है। लोकमान्य तिलक ने भारत वर्ष की एकता और अखंडता को बरकरार रखने के उद्देश्य से स्कूल एवं कालेजों में गणेशोत्सव की शुरूआत की थी। प्रतिवर्ष भाद्र मास शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को प्रारंभ होने वाले गणेशोत्सव की तैयारियों में जिला मुख्यालय सहित अंचल के युवा जोर-शोर से लगे हुए हैं। इसके लिए उनके द्वारा गणेशोत्सव समितियां भी बनाई गई हैं जो सार्वजनिक जगहों पर पंडाल आदि सजाकर गणेशोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। नगर में इस बार नेताजी चौक, मेन रोड कचहरी चौक, बीटीआई चौक, नैला रेल्वे स्टेशन, चांपा, बायपास रोड, शारदा चौक, भाठापारा, पुरानी बस्ती सहित प्रमुख मार्गों के आसपास गणेश प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। गणेशोत्सव के लिए छग में सुप्रसिद्ध चांपा में इस बार कोरबा रोड, रेल्वे स्टेशन के सामने, जगदल्ला, मंझली तालाब, बेरियर चौक, पुराने नगर पालिका के पास, देवांगन पारा, सोनार पारा, कंवर पारा, कालेज रोड, सदर बाजार में सार्वजनिक गणेशोत्सव समितियों द्वारा आकर्षक गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। उधर ग्रामीण क्षेत्रों में गणेशोत्सव मनाने वाले आज ट्रेक्टर, रिक्शा, सायकल व अन्य साधनों से सुविधानुसार गणेश प्रतिमाएं ले जाते हुए दिखे। आयोजन समिति के कार्यकर्ता उत्सव स्थल को आकर्षक बनाने में जुटे हुए हैं।





गणेश की प्रतिमा ले जाते समिति के सदस्य।

### बाजारों में दिखी लोगों की भीड़

गणेश चतुर्थी एवं तीज त्यौहार को लेकर फल दुकानों में खासी भीड़ दिखाई दी। जिले के सबसे बड़े बाजार चांपा सहित जांजगीर एवं सक्ती, अकलतरा सहित अन्य स्थानों में त्यौहार को लेकर फल की खूब बिक्री हुई। तीजा त्यौहार को लेकर सुहागिन महिलाओं के साथ कुंवारी कन्याओं ने भी निर्जला व्रत रखा। इसे लेकर फल दुकानों में अच्छी खासी भीड़ देखी गई। लोग अनार, सेव, मुसम्मी, केला सहित अन्य फलों को खरीदते हुए नजर आए। वहीं गणेश चतुर्थी को लेकर लोग पूजा के लिए फल खरीदे।

### 11 दिनों तक गणेशोत्सव की धूम





**चांपा।** नगर में जमींदार काल से धूमधाम से मनाया जाने वाला गणेशोत्सव का पर्व इस वर्ष भी बुधवार 27 अगस्त से हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर शहर में जगह-जगह सार्वजनिक गणेशोत्सव समितियों द्वारा आकर्षक पंडाल का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा लोगों द्वारा निजी रुप से अपने घरों में भी भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना कर विधि विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। शहर में इस बार सदर बाजार में श्री राधाकृष्ण मंदिर के सामने विराजित होने वाले सदर बाग के राजा सहित विश्वेश्वरैया द्वार के पास सिद्धि विनायक समिति द्वारा प्रथम वर्ष तमिलनाडु के सुप्रसिद्ध श्री रामेश्वर धाम मंदिर की तर्ज पर निर्मित किए जा रहे पंडाल विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।

सदर बाग के राजा की स्थापना का यह 27वां वर्ष है। इसके अलावा स्टेशन मार्ग में गणराज गणेशोत्सव समिति द्वारा लगातार 22वें वर्ष भटगांव से निर्मित कराकर लाई जाने वाली आकर्षक गणेश जी की प्रतिमा श्रद्धालुओं के विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगी। इसके अतिरिक्त मंझली तालाब, थाना चौक, बेरियर चौक, सोनारपारा, देवांगनपारा, कदंब चौक, राजापारा, भोजपुर, कोटाडबरी, रहसबेड़ा सहित कोरबा रोड और रेलवे स्टेशन के सामने भव्य एवं आकर्षक गणपति प्रतिमाओं की सार्वजनिक रुप से स्थापना की जा रही है। इसके अलावा लोगों द्वारा निजी रुप से भी अपने घरों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। पर्व को धूमधाम से श्रद्धा पूर्वक मनाने हेतु नगरवासियों द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कुल मिलाकर आगामी 11 दिनों तक शहर का माहौल प्रथम पूजित भगवान विघ्नहर्ता की पूजा-अर्चना के चलते भक्ति भाव से परिपूर्ण रहेगा। अनंत चौदश के दिन धूमधाम से भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन हसदेव नदी में किया जाएगा। गणेश विसर्जन की पूर्व रात्रि को शहर में लगने वाला गणेश मेला पूरे अंचल में सुविख्यात है। इस वर्ष भी आसपास के ग्रामों से आकर लोग नगर में लगने वाले गणेश मेले के दौरान जगह-जगह आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा समाजसेवी संस्थाओं और लोगों द्वारा वितरित की जाने वाली खाद्य सामग्री का आनंद लेंगे।

## सड़क निर्माण अधूरा, बारिश में कीचड़ गर्मी में धूल से लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फगुरम

सक्ती से टुंडरी मार्ग अंतर्गत ग्राम कर्रापाली में सड़क निर्माण आधा अधूरा है, जिस वजह से लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में कीचड़ और गर्मी के दिनों में धूल डस्ट का सामना करना पड़ता है। साथ ही आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार भी हो रहे है, लेकिन शासन प्रशासन द्वारा इसे बनाने में ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसका काम में आज राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।

आपको बता दें कि इस सड़क चौड़ीकरण में जिन लोगों की जमीन अधिग्रहित की गई है उनको अब तक जमीन का मुआवजा नहीं दिया गया है जिस वजह से ग्रामीण सड़क बनाने नहीं दे रहे हैं। इस सड़क को लगभग आज से 5 साल पहले ही 2020 में बन जाना चाहिए था, पर 5 साल बाद भी यह मार्ग नहीं बन पाया है और अब तो ऐसा लगता है जैसे शासन प्रशासन द्वारा भी इसे बनाने में भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। क्षेत्रवासियों में काफी आक्रोश व्यक्त है और उनके द्वारा इस मार्ग को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग किया जा रहा है। सक्ती से रायगढ़ जिला पहुंचने का मुख्य मार्ग यह सक्ती से रायगढ़ जिले को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग हैं जिसमें प्रतिदिन हजारों लोगों को आना-जाना लगा रहता है। छोटे वाहनों से लेकर बड़े-बड़े वाहनों का इस मार्ग में आना जाना रहता है। ऐसे में शासन प्रशासन को इस अधूरे सड़क निर्माण को पूरा किया जाना चाहिए।



सड़क में बने पोखरनुमा गड्ढे।

## समसामयिक मुद्दों पर सत्ता और विपक्ष के बीच नोकझोंक व बहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

- आत्मानंद स्कूल कसेरपारा में विकास खंड स्तरीय संसद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कसेरपारा में 25 अगस्त को विकासखंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। युवा संसद प्रतियोगिता प्राचार्य श्रीमती पी. गबेल के निर्देशन तथा व्याख्याता देवाशीष बनर्जी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक किया गया।

कार्यक्रम के अवसर पर शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पेंद्री कसेरा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. श्रीमती कुमुदिनी बाग द्विवेदी, राकेश अग्रवाल तथा जन्मशाला प्रबंधन समिति के सदस्यों में शम्स तमरेज खान उपस्थित थे। कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा संसद भवन यहीं आकर बैठ गया हो। प्रतियोगिता के दौरान समसामयिक मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक और प्रभावशाली बहस हुई, जिससे ऐसा आभास हो रहा था मानो संसद की वास्तविक कार्यवाही मंच पर जीवंत हो गई हो। संसद की कार्यवाही की शुरुआत राष्ट्रपति के अभिभाषण से हुई और अंत में विपक्ष द्वारा वॉकआउट करते हुए नारेबाज़ी भी की गई। इस पूरे आयोजन के दौरान दर्शकों और विद्यार्थियों ने जोरदार तालियों के माध्यम से प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बच्चों की वेशभूषा भी आकर्षण का केंद्र रही। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो भारत के सभी राज्यों के सांसद एक ही मंच पर एकत्रित हो गए हों, जिसमें बंगाली, मराठी, गुजराती, ओड़िया, छत्तीसगढ़ी, पंजाबी, बिहारी और कश्मीरी परिधानों की झलक देखने को मिली। इस सफल आयोजन में सहयोगी शिक्षिका के रूप में श्रीमती निखत करीम का योगदान रहा।



प्रतियोगिता में उपस्थित अतिथि एवं छात्र-छात्राएं।

## राहौद गौठान में 'वूमन फार ट्रीज ' अभियान के तहत लगाए 3 सौ पौधे

**राहौद।** नगर पंचायत राहौद अन्तर्गत गौठान परिसर में वुमन फार ट्रीज अभियान के तहत सोमवार को पीपल ,आम, जामून, इमली, बेल, कटहल , बरगद,सीताफल अमरूद व कपास के 300 पौधे का रोपण किया गया।

गौरतलब है कि भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा के तहत पौधरोपण कार्यक्रम 'वुमन फार ट्रीज' अभियान की शुरुआत किया गया है। यह पहल भारत सरकार द्वारा संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान से अभिप्रेरित है। वहीं इस अभियान के तहत सरकारी स्वामित्व की भूमि, वाटर बॉडी, आंगनवाड़ी केंद्रों ,सरकारी अस्पताल, स्कूलों, एसएलएमआर सेंटर, मुक्तिधाम, कृष्ण कुंज, गौठान धार्मिक स्थलों वृक्षारोपण करना है।इसका मुख्य उद्देश्य शहरी हरित स्थानों को बढ़ाने व महिला स्वयं सहायता को सक्रिय रूप से शामिल करना है। पौधरोपण कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, पामगढ़ मंडल अध्यक्ष यशवंत साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गयाराम चंदेल, सभापति अमित अनंत, राजेश यादव, संतोष यादव, महामंत्री मनोहर शास्त्री, राकेश श्रीवास, पार्षद नरसिंग गोंड, पार्षद प्रतिनिधि वार्ड क्रमांक 14 डॉ.सुनिल गुप्ता,सीएमओ भगवती ध्रुव,उप अभियंता सतीश साहू, लेखापाल, मोनू कश्यप,धरम, ईश्वरीय, गंगाराम देवांगन, सतीश यादव, सुरहुती गोंड, गौरीशंकर गोंड, महिला कमांडो, स्वच्छता दीदी मौजूद थे ।



पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि, महिला कमांडो व स्वच्छता दीदी।

### स्वयं सहायता समुह करेंगे देखरेख पौधा का करना होगा जियो टैगिंग

वुमन फॉर ट्रीज अभियान मिशन अमृत 2.0 के तहत नगर पंचायत राहौद मे 03 स्थानों का चयन वृक्षारोपण के लिए किया गया है। जिसमे प्रथम चरण में खोखरी रोड समीप गौठान मे कुल 300 पौधों का वृक्षारोपण किया जाना है। इस योजना के तहत पौधों के रखरखाव एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी जय मा दुर्गा महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं की दी गई है, जिनका चयन रूचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से किया गया है। जिसमे कुल 03 महिला सदस्य है एवं प्रत्येक महिला को 100 पेड़ो के संरक्षण की जिम्मेदारी है समूह आगामी एक वर्ष तक पौधों की देखभाल करेगा, जिसके लिए उन्हें नियमित प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। पौधों की सम्पूर्ण सुरक्षा स्व सहायता समूह की दीदियो की होंगी जिसका पौधों के जियोटैगिंग अनुसार ही भुगतान होना है।

## भक्ति हर संकट से मुक्ति का मार्ग : उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

- संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दौरान ब्यास आचार्य ने सुनाई परीक्षित मोक्ष की कथा

शर्मा परिवार द्वारा नगर के वार्ड नंबर 17 में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा में आचार्य पंडित रामविलास उपाध्याय ने परीक्षित मोक्ष प्रसंग का वर्णन किया।

उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित को शापित होने के बाद जब मृत्यु का समय समीप आया तो उन्होंने शुकदेव जी से भागवत श्रवण किया। सात दिनों तक कथा श्रवण कर परीक्षित ने न केवल अपने जीवन को सफल बनाया बल्कि समस्त श्रोताओं को भी मोक्ष का मार्ग दिखाया। आचार्य उपाध्याय ने भगवान के स्वधाम गमन की कथा का भी विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण जब पृथ्वी पर अपने अवतार कार्यों को पूर्ण कर चुके तब द्वारका में लीलाओं का समापन करते हुए उन्होंने अपने लोक प्रस्थान की कथा रची। भगवान का स्वधाम गमन इस बात का प्रतीक है कि जब धर्म का कार्य पूर्ण हो जाए तो भगवान स्वयं भी पृथ्वी से विदा लेते हैं।उन्होंने कहा कि परीक्षित मोक्ष प्रसंग हमें यह सिखाता है कि जीवन चाहे कितना ही संकटमय क्यों न हो, यदि समय रहते ईश्वर का स्मरण और शास्त्र का श्रवण किया जाए तो मुक्ति संभव है। कथा स्थल मुख्य यजमान सुनील शर्मा, कुमुदनी शर्मा, सीतादेवी शर्मा ,अनिल शर्मा, संजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कथा विश्राम के बाद सभी ने भगवान के नाम का संकीर्तन किया।



उपस्थित श्रद्धालुओं को भागवत कथा सुनाते पंडित रामविलास उपाध्याय।

## नेत्रदान कर दूसरे को दे सकते हैं आंखों की रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

- 140 छात्राओं को नेत्र परीक्षण कर प्रदान की गई जानकारी

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 25 अगस्त से 8 सितंबर तक नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सांकर के मिडिल स्कूल के 140 छात्राओं को नेत्र परीक्षण कर नेत्रदान के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

परीक्षण में पांच बच्चों को दूर दृष्टि की बीमारी पाई गई व तीन बच्चों को विटामिन ए की कमी पाई गई। स्वास्थ्य विभाग के नेत्र सहायक अधिकारी के द्वारा बताया गया कि देश के करीब 12 लाख ऐसे अंधे व्यक्ति हैं वह छत्तीसगढ़ की लगभग 15 से 20 हज़ार व्यक्ति हैं जिनका अंधापन नेत्र पटल ( कॉर्निया) की बीमारी के कारण है यदि उन्हें कार्य उपलब्ध हो जाए तो उनकी आंखों की रोशनी वापस आ सकती बच्चो को बताया गया कि प्रतिवर्ष 40 हज़ार प्राप्त होती है लेकिन पूरे देश में एक लाख प्रतिवर्ष कॉर्निया की आवश्यकता होती है यदि मृत्यु के बाद किसी की आंखें दूसरे व्यक्ति की आंखों की रोशनी पद प्रदान कर सकती है तो नेत्रदान करने में क्या बुराई है हमारे देश मेंप्रतिदिन हजारों लोगों की मौत देश भर में कि अस्पतालों में होती है यदि उनके रिश्तेदार अनुमति दे या उनके मित्र या नजदीकी रिश्तेदार भी अपने साथी को नेत्रदान सहमति कर सकते हैं। नेत्रदान करने वाले की सूचना जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज के प्रमुख को 2 घंटे के अंदर दिया जाना चाहिए। नेत्र बैंक के डॉक्टर दानदाता के घर पहुंचेगा दानदाताओं को कोई खर्च उठाना नहीं पड़ेगा। नेत्र दानी व्यक्ति की आंखें यदि 8 घंटे के अंदर निकाल कर सुरक्षित रख लिया जाए तो उनका उपयोग कर सकते हैं। इस दौरान जनपद सदस्य शानू सिंह, सरपंच जगदीश पटेल, नीलेश सिंह, पंचगण व स्कूल के शिक्षकों के द्वारा दूर दृष्टि से पीड़ित विद्यार्थी अंजू साहू, पूनम पटेल, जानकी साहू, करण गोड, आदित्य यादव को निशुल्क चश्मा वितरण किया गया। कार्यक्रम में नेत्र सहायक अधिकारी आरके यादव, प्रीतेश सिंह चंदेल, प्रियांशी सिंह चंदेल, सत्यजीत कुर्रे, बबीता पाटले, प्रधान पाठक अनीता खेरवार, विजय कुमार सूर्यवंशी, शिक्षक मधु माधव पांडे ,जयंती सोनी, जगदीश प्रसाद धारवे ,संजय कुमार शुक्ला, भुनेश्वर पोर्ते, योगेश्वरी शर्मा, चंद्रशेखर धृतलहरे वह ग्राम वासी उपस्थित थे।



नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे व स्कूल स्टाफ।

***जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर परियोजना बम्हनीडीह में परियोजना स्तरीय महतारी सम्मेलन, मेगा हेल्थ कैम्प, बाल मेला, व्यंजन, मेंहदी, रंगोली, मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र का प्रारूप प्रदर्शन, पोषण मेला का आयोजन किया गया।





